राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल से उत्तर प्रदेश की पर्यटन मंत्री श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी ने मुलाकात कर 'कुंभ–2019' के सुअवसर पर उन्हें प्रयागराज आने के लिए आमंत्रित किया

पटना, 04 जनवरी 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन से उत्तर प्रदेश की माननीया पर्यटन मंत्री श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी ने राजभवन पहुँचकर शिष्टाचार मुलाकात की। श्रीमती जोशी ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए आगामी 'कुंभ–2019' के अवसर पर प्रयागराज आने के लिए उन्हें आमंत्रित भी किया।

माननीया मंत्री श्री जोशी ने राज्यपाल को 'कुंभ मेले' के अवसर पर प्रयागराज पहुँचने के लिए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का औपचारिक आमंत्रण–पत्र भी सौंपा। उन्होंने राज्यपाल श्री टंडन को 'कुंभ–2019' से संबंधित पुस्तकें एवं प्रतीक–चिह्न भी समर्पित किये। पर्यटन मंत्री श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी ने बिहार के राज्यपाल को बताया कि धार्मिक पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को मेले में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हर प्रकार के प्रबन्ध किये गये हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से युक्त 'टेन्ट सिटी' का भी निर्माण कराया गया है, जहाँ देशी–विदेशी पर्यटक सुविधापूर्वक रह सकेंगे। इस टेन्ट सिटी को पूरी तरह वातानुकूलित और फायरप्रूफ रूप में तैयार करवाया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के साथ–साथ इस कुंभ मेले में इस बार पूरी स्वच्छता एवं सफाई तथा चिकित्सकीय सुविधाओं पर विशेष फोकस किया गया है। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने के लिए उत्कृष्ट कोटि के सांस्कृतिक आयोजन मेले में कराये जाने की भी उन्होंने जानकारी दी।

महामहिम राज्यपाल ने पर्यटन मंत्री को बताया कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने भी अपनी विगत बिहार–यात्रा के दौरान उन्हें प्रयागराज के आगामी 'कुंभ मेले' की आयोजनगत तैयारियों के बारे में बताते हुए प्रयागराज आने के लिए आमंत्रित किया था। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश सरकार के औपचारिक आमंत्रण को आज स्वीकार करते हुए यथासमय 'कुंभ मेले' में आने पर अपनी सहमति प्रदान की।

इस मुलाकात के दौरान महामहिम राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश की पर्यटन मंत्री श्रीमती जोशी को बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे विकास–प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने मंत्री को बताया कि बिहार में 'एकेडमिक कैलेण्डर' कार्यान्वित करते हुए विश्वविद्यालयों के सत्र नियमित किये जा रहे है तथा डिग्री–वितरण के लिए नियमित दीक्षांत समारोहों का भी आयोजन हो रहा है। राज्यपाल ने मंत्री को बताया कि बिहार के विद्यार्थी अत्यन्त प्रतिभाशाली और परिश्रमी होते हैं। उन्होंने कहा कि वे बिहार के जिस किसी भी विश्वविद्यालय के दीक्षांत–समारोहों में जाते हैं तो वहाँ स्वर्णपदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 75 प्रतिशत से भी अधिक छात्राएँ होती हैं। यह राज्य में कन्या–शिक्षा के विकास हेतु हो रहे प्रयासों का सार्थक नतीजा है।

पर्यटन मंत्री श्रीमती जोशी ने राज्यपाल को मुलाकात के दौरान स्मृति–चिह्न एवं अंगवस्त्रम् देकर उनका अभिवादन किया।

....